**QP. Code: 22103**

Reg. No. | V | 1 | 5 | A | T | 2 | 4 | C | 0023

# Second Semester B.Com. (SEP) Degree Examination, May / June 2025
## (Regular)
## HINDI
### Paper : AECC : 1 ) काव्य वैभव ( कविता संकलन )
### 2 ) पत्र लेखन, मुहावरे और कहावते
### 1. Kavya Vaibhav 2. Patar Lekhan, Muhavare and Khavate

Time : 3 Hrs — Max. Marks : 80

I. किन्हीं **दस** प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए। **1x10=10**

1. 'तोडती पत्थर' कविता किस युवती पर केन्द्रित है ?
   अ) मज़दूर। ब) गृहिणि। क) हेल्थकेयर।
2. माखनलाल चतुर्वेदी जी को भारत सरकार ने ............. की उपाधि से विभूषित किया है।
   अ) पद्म – विभूषण। ब) भारत रत्न। क) महावीर चक्र।
3. 'मेरा जीवन' कविता की लेखिका कौन है ?
   अ) सुभद्रा कुमारी चौहान। ब) सविता सिंह। क) सुधा अरोड़ा।
4. किस कविता में मनुष्य की घातक प्रवृत्ति पर तीख प्रहार किया गया है।
   अ) बारिश। ब) साँप। क) बच्चे।
5. वैधनाथ मिश्र 'नागार्जुन' का देहान्त कब हुआ ?
   अ) 1998 ब) 2008 क) 1988
6. हिन्दी साहित्य में हालावाद के जनक कौन हैं ?
   अ) अज्ञेय। ब) निराला। क) हरिवंशराय बच्चन।
7. आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री का जन्म कब हुआ ?
   अ) 1916 ब) 1926 क) 1936
8. दुष्यन्त कुमार जी का पहला कविता संग्रह कौन-सा है ?
   अ) सूर्य का स्वागत। ब) मन के कोण। क) साये में धूप।
9. ............. कविता समाज की कुत्सित सोच भरे विचारों की पोल खोलती है।
   अ) उल्टा ज़माना। ब) जीना भी एक कला है। क) बच्चे।
10. सुधा अरोड़ा का जन्मस्थान ............... है।
    अ) लाहौर। ब) अमृतसर। क) चंदीगड़।
11. 'बारिश' कविता में ............. का वर्णन किया गया है।
    अ) वेश्याएँ। ब) शिक्षिका। क) नौकरानी।
12. सविता सिंह का जन्म कहाँ हुआ ?
    अ) आरा। ब) पटना। क) गया।

II. किन्हीं **दो** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। 2x5=10

1. मैंने हँसना सीखा है, मैं नहीं जानती रोना;
   बरसा करता पल – पल पर, मेरे जीवन में सोना।
2. धरती धरती है –
   पन्हाई हुई गाय नहीं
   कि चट से दूह लो कटिया – भर दूध।
3. उसकी आँखों में भर आई एक असहज खामोशी
   आह ! कैसे कटेगा इस औरत का जीवन !
4. आज बेटी जा रही है,
   मिलन और वियोग की दुनिया नवीन बसा रही है।

III. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए। 2x5=10

1. तोड़ती पत्थर कविता की युवती।
2. बारिश कविता का कंडक्टर।
3. दुष्यन्त कुमार।
4. साँप (कविता)।

IV. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3x10=30

1. 'राखी बाँधकर लौटती हुई बहन' कविता की भावनाओं का चित्रण कीजिए।
2. बेटी की बिदा कविता का सारांश लिखिए।
3. 'मेरा जीवन' कविता का सार लिखिए।
4. 'धरती' कविता का विश्लेषण कीजिए।
5. 'मैं किसकी औरत हूँ' कविता पर एक सारगर्भित निबंध लिखिए।

V. किन्हीं **दो** पत्रों को लिखिए। 2x5=10

1. गौरव ग्रंथ भण्डार, टिलकवाडी, बेलगाम को विद्या भारती प्रकाशन कानपुर से प्राप्त पुस्तकें कमज़ोर पैकिंग के कारण खराब हो चुकी हैं, शिकायती पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए।
2. रोहित ट्रेडिंग कम्पनी, 459 विजय नगर, विजयपुर द्वारा साइकिलें खरीदने हेतु एटलस कम्पनी, पूना रोड, धारवाड़ को पत्र लिखना है। क्रयादेश पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए।
3. जिला सहकारी बैंक विजयपुर में चालू खाता आरंभ करने के लिए आवेदन लिखिए।
4. भारतीय जीवन निगम की धारवाड़ शाखा के प्रबन्धक के नाम पॉलिसी के समर्पण हेतु महेश जाधव शिवाजीनगर, धारवाड़ के नाम से पत्र लिखिए।

VI. किन्हीं **पाँच** मुहावरों का अर्थ लिखिए। 5x1=05

1. लोहे के चने चबाना।
2. मन में लड्डू फूटना।
3. बगुला भगत।
4. अक्ल का दुश्मन।
5. उल्टी गंगा बहाना।
6. कमर कसना।
7. गले का हार।

VII. किन्हीं **पाँच** कहावते के अर्थ लिखिए। 5x1=05

1. अन्धो में कान्हा राजा।
2. आम के आम गुठली के दाम।
3. ऊँची दुकान फीका पकवान।
4. एक पंथ दो काज।
5. न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी।
6. लातों के भूत बातों से नहीं मानते।
7. नेकी कर कुएँ में डाल।

* * *